**दिनांक : 29.04.2026** **समय : 07.10PM**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन, मेरठ से प्रयागराज का सफर होगा आधा।
- श्री मोदी ने काशी विश्वनाथ में देखी उज्जैन की वैदिक घड़ी, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को की थी भेंट।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खरगोन में किया 60 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण, 271 करोड़ की लागत से हुआ तैयार।

  और
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 33 लाख से ज्यादा हितग्राहियों को भेजी करीब 200 करोड़ रुपए की पेंशन।

**पीएम मोदी- काशी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के हरदोई में 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है। यह हाईवे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों से होकर गुजरेगा और दोनों शहरों के बीच का सफर 12 घंटे से घटकर सिर्फ 6 घंटे कर देगा। शाहजहांपुर में इस पर साढ़े तीन किलोमीटर लंबी एयरस्ट्रिप भी बनाई गई है, जिसका इस्तेमाल वायु सेना के विमान जरूरत पड़ने पर कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि जैसे गंगा नदी यूपी की जीवनरेखा है, वैसे ही यह एक्सप्रेसवे राज्य के विकास की नई जीवनरेखा बनेगा।

**वैदिक घड़ी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी दौरे के दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में लगी 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' को देखा और इसकी खूबियों के बारे में जानकारी ली। यह खास घड़ी उज्जैन में बनी है और इन दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 3 अप्रैल को यह घड़ी यूपी के सीएम योगी

आदित्यनाथ को भेंट की थी, जिसे अगले ही दिन मंदिर परिसर में लगा दिया गया था।

**पीएम मोदी- आलेख**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज श्रम मंत्री मनसुख मांडविया का एक लेख सोशल मीडिया पर शेयर किया। लेख में बताया गया है कि देश में महिला रोजगार दर 2017 के 22 फीसदी से बढ़कर 2025 में 39 फीसदी हो गई है। इसके अलावा श्री मोदी ने वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह का एक लेख भी साझा किया, जिसमें जूता उद्योग में तकनीकी वस्त्रों की अहम भूमिका पर रोशनी डाली गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जूता उद्योग में तकनीकी कपड़ों का इस्तेमाल कोई नई बात नहीं, बल्कि यह पहले से ही इस उद्योग का हिस्सा रहा है।

**एलपीजी-आपूर्ति**

पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद सरकार का कहना है कि देश में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। पेट्रोलियम मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग और डिलीवरी कोड के जरिए घरेलू गैस की आपूर्ति अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल महीने में एक लाख 84 हजार टन से ज्यादा वाणिज्यिक एलपीजी बिकी है और देशभर में इसकी आपूर्ति 70 फीसदी तक बहाल हो चुकी है। वहीं 5 किलो के छोटे सिलेंडरों की बिक्री लगभग दोगुनी हो गई है।

**लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज खरगोन जिले के जलूद में 271 करोड़ रुपए की लागत से बने 60 मेगावाट के कैप्टिव सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया। इसे इंदौर नगर निगम ने केंद्र सरकार की सीपीएसयू योजना के तहत स्थापित किया है। इस संयंत्र से हर साल करीब 9 करोड़ 73 लाख करोड़ यूनिट बिजली बनेगी जिसका उपयोग जलूद पंपिंग स्टेशन और ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों में होगा।

**पेंशन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज समग्र पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 33 लाख 45 हजार से ज्यादा हितग्राहियों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से 200 करोड़ 71 लाख रुपये की पेंशन राशि ट्रांसफर की। इस योजना का फायदा गरीब, बुजुर्ग, दिव्यांग,

कल्याणी और परित्यक्ता महिलाओं समेत समाज के जरूरतमंद तबके को मिल रहा है।

**उद्यानिकी फसलें**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में डॉ. यादव ने कहा कि उद्यानिकी फसलें कम जमीन में ज्यादा कमाई का बढ़िया जरिया हैं, इसलिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को इससे जोड़ा जाए। उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने और प्राकृतिक खाद के इस्तेमाल के लिए भी प्रेरित करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश मसाला फसलों के उत्पादन में देश में पहले नंबर पर है।

**कॉलेज चलो अभियान'**

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 'कॉलेज चलो अभियान' का दूसरा चरण शुरू किया है. इसका मकसद 12वीं पास करने वाले ज्यादा से ज्यादा छात्रों को कॉलेज से जोड़ना है। इसके तहत सभी महाविद्यालयों में प्रवेश सहायता केंद्र और विकासखंड स्तर पर प्रवेश मेले लगाए जाएंगे।

**हज यात्रा**

मध्यपूर्व में जारी संकट और विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2026 के सभी यात्रियों से 10 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि जमा करने को कहा है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने इस बदलाव को मंजूरी दी है। यात्री यह रकम हज कमेटी की वेबसाइट hajcommittee.gov.in या Haj Suvidha App के जरिए ऑनलाइन, या फिर SBI व यूनियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा कर सकते हैं। राशि जमा करने की आखिरी तारीख 15 मई 2026 है।

**प्रदेश उर्दू अकादमी- कैलीग्राफी**

प्रदेश उर्दू अकादमी के कैलीग्राफी एवं ग्राफिक डिजाइन सेंटर में सत्र 2026-28 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस दो वर्षीय कोर्स में पहले साल कैलीग्राफी और दूसरे साल ग्राफिक डिजाइन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 22 जून 2026 है।

**अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस**

हर साल 29 अप्रैल को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1982 में इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट ने आधुनिक बैले के जनक फ्रांसीसी

नृत्य निर्देशक जीन-जॉर्ज नोवेर की जयंती के मौके पर की थी। इस दिन का मकसद नृत्य को एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में पहचान दिलाना और लोगों को इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है

आईपीएल

आईपीएल के 41वें मुकाबले में आज मुंबई इंडियंस का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। इस सीजन मुंबई को 7 में से 5 मैचों में हार मिली है। टीम पॉइंट्स टेबल में वह 9वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर हैदराबाद बेहतर फॉर्म में है। टीम लगातार पिछले 4 मैच जीतकर टेबल में तीसरे स्थान पर है।

**समाचार संक्षेप में :-**

- सीहोर जिले में 02 मई को सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जाएगा।
- खंडवा जिला श्रम पदाधिकारी ने कहा है कि श्रम सेवा पोर्टल पर गलत जानकारी देकर पंजीयन कराने वाले संस्थानों और आवेदकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- मंदसौर कलेक्टर ने आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 25 लाख की लागत से निर्मित तालाब की तालाब की गहराई बढ़ाने और पौधारोपण करने के निर्देश दिए।
- शिवपुरी में आज यातायात पुलिस द्वारा पिपरसमा चौराहा और कृषि मंडी पर राहगीरों हेलमेट लगाने और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।
- प्रदेशभर से आए हजारों अतिथि शिक्षकों ने आज भोपाल के अंबेडकर पार्क में प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार पर चुनाव से पहले किए गए वादे पूरे न करने का आरोप लगाया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन, मेरठ से प्रयागराज का सफर होगा आधा।
- श्री मोदी ने काशी विश्वनाथ में देखी उज्जैन की वैदिक घड़ी, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को की थी भेंट।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खरगोन में किया 60 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण, 271 करोड़ की लागत से हुआ तैयार।

  और

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 33 लाख से ज्यादा हितग्राहियों को भेजी करीब 200 करोड़ रुपए की पेंशन।